## चित्रकूट पुलिस

**(1). "मिशन शक्ति फेज-5.0: का द्वितीय चरण महिलाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन की नई पहल — जनपद चित्रकूट में महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वालंबन, को समर्पित पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की एण्टीरोमियो टीम द्वारा "मिशन शक्ति फेज-5.0 के द्वितीय चरण के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा हेल्पलाइन नम्बरों व कानूनी प्रावधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।**

**इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करना है-**

**1. जन-जागरूकता एवं शिकायत निस्तारण, स्कूल/कॉलेज, वर्किंग वूमेन हॉस्टल में जागरूकता कार्यक्रम, निम्न आय वर्ग बस्तियों, गांवों, वार्डों, मोहल्लों में चौपाल कार्यक्रम प्रमुख बाजारों, कस्बों व चौराहों पर जागरूकता व शिकायत निस्तारण।**

**2.महिला बीट पुलिस की भूमिका, प्रत्येक थाना क्षेत्र की महिला बीट पुलिस द्वारा जन-जागरूकता, साइबर अपराध से बचाव एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी, महिला समस्याओं का त्वरित निस्तारण।**

**3.बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए विशेष आत्मरक्षा प्रशिक्षण, गुड टच/बैड टच की जानकारी।**

**महिला/बालिकाओं को सुरक्षा सम्बन्धित सेवाएँ**

**1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन**

**1090 – वीमेन पावर लाइन**

**181 – वीमेन हेल्पलाइन**

**112 – पुलिस आपातकालीन सेवा**

**102 – गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं हेतु एम्बुलेंस**

**108 – सामान्य एम्बुलेंस सेवा**

**1098 – चाइल्ड लाइन**

**101 – अग्निशमन सेवा**

**1930 – साइबर हेल्पलाइन व www.cybercrime.gov.in के बारे में जानकारियां दी गई ।**

**इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों, स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चेकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदों/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती।**

(2). आज दिनांक 14.06.2026 को श्री अरविन्द पाल पुत्र लल्लन पाल निवासी द्वारिका पुरी जल सस्थान कर्वी चित्रकूट द्वारा थाना कोतवाली कर्वी में सूचना दी गयी कि वह की दुकान पर चाय पी रहे थे तभी रोड के किनारे पेड के पास एक वृद्ध व्यक्ति जिसकी उम्र लगभग 70 वर्ष नाम पता अज्ञात लावारिस अवस्था में मृत पड़ा हैं। जिसके संबंध में फौती सूचना (पुरूष) दर्ज किया गया। रंग गेहुआ जिस्म आंख कान नाक कद औसत जिसका पंचायत नामा भरकर मर्चरी हाउस कर्वी में पहचान हेतु रखवाया गया है।

(3).पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में प्रभारी यातायात निरीक्षक श्री हरीराम यादव के मार्गदर्शन में,आरक्षी कमलेश विश्वकर्मा सोनेपुर नो एन्ट्री के पास ड्युटी पर तैनात थे तभी नरेंद्र यादव s/o बद्रीप्रसाद निवासी SDM कॉलोनी चलती गाड़ी का अचानक बैलेंस बिगडनें से गिर गया है जिससे गंभारी रूप से घायल हो गया है जिसको आरक्षी कमलेश विश्वकर्मा द्वारा तत्काल जिला अस्पताल में उपचार हेतु पहुंचाया गया।

(4)पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस टीम ने 02 वारण्टी अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

(i). उ0नि0 श्री अंशुल कुमार थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट द्वारा मु0अ0स0 40/24 धारा 411,413 भादवि0 के वारण्टी अभियुक्त करन जाटव पुत्र स्व0 दुर्गेश जाटव निवासी लक्ष्मनपुरी थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

(ii). उ0नि0 श्री शम्भूशरन सिंह थाना मानिकपुर मय हमराही आरक्षी संतोष सिंह द्वारा मु0अ0स0130/24 धारा 303(2),317(2) बीएनएस के वारण्टी अभियुक्त कुनाल साकेत पुत्र राजाराम निवासी मोहल्ला जवाहन नगर कस्बा थाना मानिकपुर जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया गया।

(5)आज दिनांक 14.06.2026 को ज्येष्ठ(पुरुषोत्तम ) मास सोमवती अमावस्या मेला पर्व को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु आज राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर में पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक श्री पीयूष कांत राय की उपस्थिति में मेला में तैनात पुलिस बल के साथ ब्रीफिंग की गई। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस फोर्स अपने-अपने ड्यूटी स्थल पर तैनात रहकर मेला को सकुशल संपन्न कराए सभी अपर पुलिस अधिकारी हैंडसेट लाउड हेलर अवश्य प्राप्त कर लें सभी पुलिस जोनल प्रभारी अपने क्षेत्र का भ्रमण करके जिन प्वाइंट पर ड्यूटी लगी है वह समय से ड्यूटी करें अगर कोई ड्यूटी के प्रति शिथिलता बरते तो उनके खिलाफ कार्यवाही के लिए रिपोर्ट प्रेषित करें। पुरे पुलिस फोर्स को 05 जोन व 15 सेक्टर में बांटा गया है जिसमें सेक्टर मजिस्ट्रेट व जोनल मजिस्ट्रेट के अलावा 08 पुलिस क्षेत्राधिकारी, 16 प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष, 28 निरीक्षक, 132 उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस, 450 हेड कांस्टेबल/कांस्टेबल,85 महिला कांस्टेबल, 06 उपनिरीक्षक यातायात, 42 हेड कांस्टेबल/कांस्टेबल यातायात, 03 उ0नि0 एलआईयू ,14 हेड कान्सटेबल/कान्सटेबल एलआईयू,01 डॉग स्क्वायड,01बीडीएस, 01 एसचेक, पीएससी की एक प्लाटून फोर्स,एक प्लाटून फ्लड कम्पनी,की डियूटी लगाई गई है।

**इस दौरान क्षेत्राधिकारी मऊ श्री फहद अली, क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री राज कमल, क्षेत्राधिकारी फायर श्री यदुनाथ सिंह, प्रतिसार निरीक्षक राम शीष यादव एवं मेला में लगे समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।**